श्री शिवराज वी॰ पाटिल: सर, यह बहुत अच्छा प्रश्न है और इसके बारे चर्चाएं भी बहुत जगहों पर हुई हैं। देखने में आया है कि यहां से प्रांत की सरकार को जो धनराशि दी जाती है, तो उसका उपयोग उस काम के लिए होता है या नहीं, जिस काम के लिए वह देती है। उदाहरण के रूप में मैं बताऊंगा कि पंचायती राज निर्माण हुआ और स्टेट गवर्नमेंट की तरफ से पंचायत को देने के लिए पैसे की कमी है–ऐसा बताया गया, तो यूनियन गवर्नमेंट ने स्टेट गवर्नमेंट को पैसे दिए, मगर जो ग्राम पंचायत को देने के लिए पैसे दिए, वे पैसे भी ग्राम पंचायतों को कुछ स्टेट्स में नहीं दिए गए। उसके बाद पुलिस मॉर्डनाइज़ेशन की स्कीम है। हमने हज़ारों कराड़ों में पैसे निकाल कर रखे और वह पैसा हम देते हैं। पैसा देने के बाद वह पैसा पुलिस मॉर्डनाइज़ेशन के लिए खर्च नहीं होता और बदकिस्मती से कुछ स्टेट्स में तो एक भी रुपया उसके अंदर खर्च नहीं हुआ है, ऐसी परिस्थिति वहां पर आई है। तो इस हालत में जब एक साल पैसा दिया गया और दूसरे साल अगर वे उसके लिए पैसा मांग रहे हैं, तो वह पैसा खर्च हुआ है या नहीं हुआ है, यह देखने के लिए कंस्टीटयूशन में कोई प्रोविज़न नहीं है। यह प्रोविजन प्लानिंग कमीशन के द्वारा उपयोग में लाया जाता है। जब प्लानिंग कमीशन में annual plan के लिए मंत्री महोदय वहां आते हैं, तो उनको पूछा जाता है कि आपने यह पैसा मांगा, हमने आपको दिया, आपने खर्च नहीं किया, फिर क्यों मांग रहे हैं। उस वक्त यह बात आती है। हमने इसको रूल नहीं बनाया है। हमें इस विषय के ऊपर चर्चा करनी है कि स्टेट की जो financial sovereignty है, उसको कायम रखते हुए, उनकी जो financial responsibility है, उसको कैसे पूरा किया जाए। मेरे ख्याल से सेंट्रल गवर्नमेंट और वर्ल्ड बैंक की तुलना करना उतना दुरुस्त नहीं होगा। सेट्रल गवर्नमेंट और वर्ल्ड बैंक का यह संबंध नहीं है। यहां स्टेट गवर्नमेंट और सेंट्रल गवर्नमेंट का जो संबंध है, वह umbilical cord जैसा है, मां और बच्चे जैसा संबंध है।

श्री सभापति: वे समझ गए हैं।

पृथक तेलंगाना राज्य का निर्माण

*402. **श्री पी॰ के॰ माहेश्वरी:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पृथक तेलंगाना राज्य के निर्माण से देश को क्या विशेष लाभ होने की संभावना है;

(ख) क्या तेलंगाना राज्य के निर्माण के लिए सरकार से अनुरोध किया गया है; और

(ग) सरकार इस संबंध में क्या कदम उठा रही है?

गृह मंत्री (श्री शिवराज वी॰ पाटिल): (क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

विवरण

(क) से (ग) विगत में, आन्ध्र प्रदेश से विभिन्न व्यक्तियों और संगठनों से एक पृथक तेलंगाना राज्य बनाने के लिए, आन्ध्र प्रदेश के पुनर्गठन की मांग करते हुए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के राष्ट्रीय साझा न्यूनतम कार्यक्रम में, अन्य बातों के साथ-साथ, यह उल्लेख है कि सरकार यथोचित परामर्श और सर्वसम्मति के पश्चात् उपयुक्त समय पर तेलंगाना राज्य बनाने की मांग पर विचार करेगी।

Creation of Telangana State

†*402. SHRI P.K. MAHESHWARI: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) what special benefits are likely to accrue to the country if a separate Telangana State is created;

(b) whether request has been made to Government for the creation of Telangana State; and

(c) what steps Government have been taking in this regard?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI SHIVRAJ V. PATIL): (a) to (c) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) to (c) Representations have been received in the past from various individuals and organisations from Andhra Pradesh demanding the reorganisation of the State to create a separate State of Telangana. The National Common Minimum Programme of the United Progressive Alliance, *inter-alia*, mentions that Government will consider the demand for the formation of a Telangana State at an appropriate time after due consultations and consensus.

SHRI P. K. MAHESHWARI: Sir, the reply of the hon. Minister is that the Government will consider the demand for the formation of a Telangana State at an appropriate time after due consultations and consensus.

Sir, there have been demands for the last fifty years for the creation of separate States of Telangana, Vidarbha, Harit Pradesh and Rayalaseema.

†Original notice of the question was received in Hindi.

When will that time come and when will there be consensus? The demand is made only because a particular section of population feels that it is being ignored in a larger State. I would like to know from the hon. Minister the action that has been initiated for the formation of these small States, including the States of Vidarbha, Rayalaseema and Harit Pradesh.

श्री दत्ता मेघे: इसके साथ-साथ विदर्भ की भी बात है, यह हमारा अधिकार है।

MR. CHAIRMAN: The question is related only to Telangana, not Vidarbha. *(Interruptions)* I won't allow Vidarbha *(Interruptions)* You are taking the advantange of Telangana, for raising the issue of Vidarbha.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Sir, I am grateful to the Chair for protecting me.

Now, these are very complicated issues; and there are demands made. We are not insensitive to these demands and, yet we are not jumping at the conclusion and saying that within a short time we are going to do these things. Generally, wherever new States are created, there is a procedure followed and that procedure is that we watch how the public opinion develops or exists there. Then, the matter is taken to the Legislative Assembly and Resolutions are passed. Those Resolutions are then forwarded to the Union Government and the Union Government again considers the different angles relating to this issue before coming to any conclusion, because if we take a decision, there may be repercussions. In this case, Sir, probably the demand has been there and the Government of India has been sympathetic to the demand but not jumping to any conclusion. But the Government of India has not yet received any Resolution from the Legislative Assembly, or, such other States where there have been such demands. That is why we are taking time to come to a correct decision.

SHRI P. K. MAHESHWARI: Sir, I would like to if the Government is considering setting up of the Second Reorganisation Commission for the big States.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Sir, suggestions have been given by many saying that the Second Reorganisation Commission should be constituted. Here again, we have to understand the implications of it. There are demands for division of States and creation of new States. Supposing we have a Reorganisation Commission, the demand may increase. We

are not saying, "No, we are not going to have a Second Reorganisation Commission". Or, we are not saying, "Yes, we are going to have it." We are watching the situation, we are weighing the demands, and then we will take a proper decision after consultation with the representatives of the people and all the concerned.

श्री प्यारे लाल खंडेलवाल: माननीय मंत्री जी ने अभी कहा है कि राज्यों के पुनर्गठन का प्रश्न बड़ा जटिल है। यह बात सही है कि देश के बहुत से भागों से नए-नए राज्यों की माँग आ रही है, यह माननीय मंत्री जी ने भी स्वीकार किया है। मैं यह जानना चाहता हूँ कि जब जन-आन्दोलन बहुत उग्र हो जाता है,उसके बाद सरकार इस सम्बन्ध में कोई निर्णय करती है,तो मुझे माननीय मंत्री जी से मेरे प्रश्न का यह उत्तर चाहिए कि देश में कोई जन-आन्दोलन उग्र हो, उसके पहले सरकार राज्य पुनर्गठन आयोग का निर्माण करेगी, जैसा कि माननीय मंत्री जी ने कहा कि वह विचार कर भी रही है, नहीं कर रही है, उन्होंने जवाब को इधर-उधर करके टाल दिया, मुझे एक स्पष्ट उत्तर चाहिए कि क्या नए राज्यों के गठन के लिए सरकार की नीति फिर से राज्य पुनर्गठन आयोग बनाने की है, मुझे स्पष्ट उत्तर चाहिए?

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: सर, मैं बड़ी नम्रता से कहना चाहता हूँ कि सरकार एक मशीन है, उसके अन्दर कुछ रॉ मैटेरियल्स डाले जाते हैं और इससे फिनिश्ड गुड्स निकल कर आते हैं, ऐसा नहीं होता है। आप हमसे टाइम के बारे में पूछ रहे हैं, वह भी देना मुश्किल है। हम इन सारे प्रश्नों की ओर सहानुभूति से देख रहे हैं और हम प्रयास कर रहें हैं।

श्री प्यारे लाल खंडेलवाल: सभापति जी, ये तो बीच का जवाब दे रहे हैं।

श्री सभापति: ठीक है, ठीक है। आपकी सहानुभूति की कोई परिभाषा नहीं है।

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: हमारी सहानुभूति की परिभाषा यह है कि इसके अन्दर ना नहीं है।

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY: Sir, I come from Telangana. The State of Andhra Pradesh was created during 1956 on linguistic basis. Sir, often, in Andhra Pradesh, people who are out of power start some agitation. This is all a part of political history in Andhra Pradesh, and I am not going into all those details. But I would like to know from the hon. Minister whether, apart from my party, the Left parties and other political parties would be consulted. Our party, the Left parties and other parties, who are opposing the idea of a separate State, want an all round development of that area.

In the answer, the hon. Minister has said that a decision would be taken at an appropriate time after due consultation. I would like to know

whether the views of political parties like the Telugu Desam Party and Left Parties are also considered during such consultation process.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Sir, in democracy, there are forums where these views are expressed. Rajya Sabha and Lok Sabha are also the fora. Certainly, you are expressing your views. We will not close our minds to the views which you are expressing. At the same time, the views which are expressed by the parties, persons, and leaders who are with us, we are considering them also. And we are not jumping to any conclusion. We will take appropriate decisions at an appropriate time.

SHRI SHARAD ANANTRAO JOSHI: Sir, I would like to know whether the disposition in the National Common Minimum Programme about Telangana is one of its kind accepted in the situation that prevailed in the year 2004; I would also like to know whether there are any principles involved, which can be applied, for example, not to use the word Vidarbha, to Bundelkhand or Marathwada also.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Sir, I would not like to allow the ambit of this question to be increased. But, then, what is applicable to one State, certainly will be considered for other States as well.

SHRI PENUMALLI MADHU: Sir, pending setting up of the Reorganisation Commission, I would like to know from the Minister whether the Government of India is going to announce any special package for the development of backward Telangana. I want an assurance. The whole of six crore population of Telugu-speaking people want a united Andhra Pradesh. In such a case, for the unity of the State, I would like to know whether the Government of India is coming up with a special package to help the backward regions of Andhra Pradesh.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Sir, the Government policy is known to all. We have a policy under which the backward areas have to receive special packages and special assistance. Under that we will be doing. Moreover, in the Constitution of India, there is an arrangement for providing more funds for Telangana and backward areas in Andhra Pradesh also.

श्री दत्ता मेघे: सर, मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि तेलंगाना सरीखी मांग किसी और स्टेट की भी है? सर, फादर अली कमीशन ने विदर्भ स्टेट दिया था ...*(Interruptions)*... और आप बोल रहे हैं कि लोगों की मांग नहीं है। तो क्या आप वहां के लोगों का मत लेंगे? चाहे विदर्भ

हो या तेलंगाना हो, आप छोटे राज्य के लिए वहां के लोगों की सहमति लीजिए। सर, हमारे यहां विदर्भ विकास बोर्ड बना है ...(व्यवधान)... इरिगेशन के लिए पैसा दिया और उस पैसे का यूज किया, लेकिन हमारी महाराष्ट्र गवर्नमेंट ने वह पैसा भी नहीं दिया। तो क्या आप विदर्भ में, तेलंगाना में वहां की जनता की राय लेने वाले हैं? ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: यह विदर्भ की मांग नहीं, तेलंगाना की मांग से संबंधित है।

श्री दत्ता मेघे: सर, यह छोटे राज्य की मांग है। हमारे यहां विदर्भ बोर्ड कांस्टीट्यूशन में मिलने के बाद भी, महाराष्ट्र में उस का इम्प्लीमेंटेशन नहीं होता है। सर, आप मंत्री जी से पूछिए, यह बहुत महत्वपूर्ण है।

श्री सभापति: माननीय सदस्य आप बैठिए। आप एक काम करिए कि कैबिनेट में आप के महाराष्ट्र के जो मंत्री हैं, उन से लिखवा कर दे दीजिए।

श्री दत्ता मेघे: सर, इस के लिए हमारी पार्टी ने सपोर्ट किया है ...(व्यवधान)... शरद पवार जी हमारी पार्टी के हैं। ...(व्यवधान)... बी॰जे॰पी॰ का सपोर्ट है, इंदिरा कांग्रेस का सपोर्ट है। तो क्या आप इस के लिए लोगों का मत लेंगे?

श्री सभापति: आप बैठिए। अगला प्रश्न। Please take your seat ...*(Interruptions)*... I will not allow it ...*(Interruptions)*...Next Question. ...*(Interruptions)*... Shrimati Prema Cariappa.

Investments in Domestic Aviation Sector by PIOs and NRIs

*403. SHRIMATI PREMA CARIAPPA:†

SHRIMATI KAMLA MANHAR:

Will the Minister of COMMERCE AND INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Department of Industrial Policy and Promotion (DIPP) have allowed Persons of Indian Origin (PIOs) and Non-Resident Indians (NRIs) to invest upto 100 per cent in domestic aviation sector;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government have received some representations for non-implementation of above policy decision; and

(d) if so, the steps being taken to issue directive to concerned Ministries/ Departments and State Governments clarifying Government's stand on FDI by PIOs in aviation sector under FEMA?

The question was actually asked on the floor of the House by Shrimati Prema Cariappa.